**परेशानी** जर्जर भवन और किचन शेड ने बढ़ाई परेशानी, एक ही कक्ष में पढ़ाई भी और बन रहा मध्यान्ह भोजन

# सारंगबिहरी जनशिक्षा केंद्र अंतर्गत जाखावाड़ी प्राथमिक स्कूल में बदहाली






**नवभारत न्यूज**
**मोहखेड़, 12 जुलाई, मोहखेड विकासखंड के सारंगबिहरी जनशिक्षा केंद्र अंतर्गत आने वाली शासकीय प्राथमिक शाला जाखावाड़ी में शिक्षा व्यवस्था जर्जर भवन के सहारे संचालित हो रही है। बारिश के मौसम में स्कूल भवन की खराब हालत बच्चों और शिक्षकों के लिए परेशानी का कारण बन गई है। भवन की छत से पानी टपकने के कारण कक्षाओं का संचालन प्रभावित हो रहा है।**

विद्यालय भवन की स्थिति इतनी खराब है कि हर साल बारिश के दिनों में शिक्षक अपने स्तर पर तिरपाल खरीदकर छत पर डालते हैं, ताकि किसी तरह पानी को रोका जा सके। इसके बावजूद तेज बारिश में छत से पानी टपकना जारी रहता है। जर्जर भवन के कारण बच्चों की सुरक्षा को लेकर भी चिंता बनी हुई है।

### किचन शेड खराब, अतिरिक्त कक्ष बना रसोईघर

स्कूल का किचन शेड भी लंबे समय से खराब हालत में है। बारिश के दौरान वहां मध्यान्ह भोजन बनाना संभव नहीं हो पाता। मजबूरी में अतिरिक्त कक्ष में ही भोजन तैयार किया जा रहा है। इसी अतिरिक्त कक्ष में एक साथ पहली, दूसरी और तीसरी कक्षा के बच्चे बैठकर पढ़ाई करते हैं। एक ही स्थान पर पढ़ाई और भोजन बनाने की व्यवस्था होने से बच्चों की शिक्षा के साथ-साथ स्वास्थ्य और स्वच्छता को लेकर भी सवाल खड़े हो रहे हैं।

### शिक्षकों ने कई बार कराया अवगत

विद्यालय के शिक्षकों का कहना है कि भवन की छत और किचन शेड की मरम्मत को लेकर कई बार संबंधित विभाग को पत्राचार किया जा चुका है। समस्या से अधिकारियों को अवगत कराने के बाद भी अब तक स्थायी समाधान नहीं हो पाया है। हर वर्ष बारिश आते ही वही समस्या दोबारा खड़ी हो जाती है।

### ग्रामीणों ने की शीघ्र सुधार की मांग

ग्रामीणों ने प्रशासन से मांग की है कि बच्चों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए स्कूल भवन और किचन शेड की तत्काल मरम्मत कराई जाए, ताकि नौनिहालों को सुरक्षित और बेहतर वातावरण में शिक्षा मिल सके।

### इनका कहना है

इस संबंध में मैं बीआरसी से चर्चा कर समीपस्थ माध्यमिक शाला के किचन शेड में मध्यान्ह भोजन बनवाने की व्यवस्था करवाऊंगा, ताकि बच्चों को भोजन मिलने में किसी प्रकार की परेशानी न हो।

— सुखदेव उइके,
एमडीएम प्रभारी, मोहखेड़

जर्जर स्कूल भवन और किचन शेड की समस्या को संज्ञान में लिया गया है। बच्चों की सुरक्षा हमारी प्राथमिकता है। इस संबंध में संबंधित अधिकारियों को अवगत कराकर आवश्यक व्यवस्था की जाएगी। फिलहाल वैकल्पिक व्यवस्था के लिए एमडीएम प्रभारी से चर्चा कर उचित कदम उठाए जाएंगे।

— संगीत जैन,
बीआरसी, मोहखेड़

# इसी विद्यालय ने दिखाई सफलता की राह : नीलेश उईके

## साइकिल वितरण कार्यक्रम में विद्यार्थियों को किया प्रेरित, कहा– शिक्षा ही बदल सकती है भविष्य की तस्वीर



**नवभारत न्यूज**
**मोहखेड़, 12 जुलाई, शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मैनीखापा में आयोजित साइकिल वितरण कार्यक्रम विद्यार्थियों के लिए यादगार बन गया। कार्यक्रम में पहुंचे पांढुर्णा विधायक निलेश उईके अपने पुराने विद्यालय पहुंचकर भावुक हो गए।**

उन्होंने छात्र-छात्राओं को साइकिल वितरित करने के साथ ही अपने विद्यार्थी जीवन की यादें साझा कीं और बच्चों को सफलता के लिए निरंतर मेहनत करने का संदेश दिया। विधायक निलेश उईके ने कहा कि मैनीखापा विद्यालय उनके जीवन में विशेष स्थान रखता है, क्योंकि उन्होंने भी इसी विद्यालय से शिक्षा प्राप्त कर अपने सपनों की उड़ान शुरू की थी। उन्होंने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों के विद्यार्थियों में प्रतिभा और मेहनत की कोई कमी नहीं है, जरूरत है तो केवल सही मार्गदर्शन और अवसर की। उन्होंने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि शिक्षा जीवन को बेहतर बनाने का सबसे मजबूत आधार है। विद्यार्थी नियमित अध्ययन करें, अनुशासन बनाए रखें और अपने लक्ष्य को हासिल करने के लिए पूरी लगन से मेहनत करें। उन्होंने कहा कि सफलता पाने के लिए परिस्थितियां नहीं बल्कि मेहनत और दृढ़ संकल्प मायने रखते हैं।विधायक ने कहा कि क्षेत्र के विद्यालयों में शिक्षा व्यवस्था को मजबूत बनाने और विद्यार्थियों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि शासन की साइकिल वितरण योजना से ग्रामीण क्षेत्र के विद्यार्थियों को स्कूल आने-जाने में सुविधा मिलेगी और उनकी पढ़ाई में निरंतरता बनी रहेगी।उन्होंने कहा, ÷विद्यार्थियों की सफलता ही क्षेत्र की असली पहचान है। हर बच्चे को अच्छी शिक्षा और बेहतर अवसर दिलाना हमारी जिम्मेदारी है। कार्यक्रम में जनपद पंचायत मोहखेड़ उपाध्यक्ष ईश्वर वाड़िवा, जनपद सदस्य श्रीमती राधिका सदाशिव धुर्वे, ललित लंजीवार, सरपंच श्रीमती ऊर्मिला सूर्यवंशी, संजू उईके, सोनू भादे सहित शिक्षकगण, पालक एवं बड़ी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित रहे।

### प्रज्ञा प्रवाह छिंदवाड़ा विभाग की बैठक संपन्न

**छिंदवाड़ा।** प्रज्ञा प्रवाह छिंदवाड़ा विभाग की मासिक बैठक सतपुड़ा विधि महाविद्यालय छिंदवाड़ा में रविवार को संपन्न हुई। बैठक में विभाग संयोजक डाक्टर राजेंद्र प्रसाद यादव, सह संयोजक रोटे विनोद तिवारी सहित,ल सभी आयामों के प्रमुख एवं टोली के सदस्य गण में सतपुड़ा विधि महाविद्यालय के प्रचार्य वेदप्रकाश तिवारी, अपन लोग के अलावा मीना ठाकरे उर्वशी गौतम राम कुमार उसरेठे मनोहर राजेश यादव सचिन वाजपेई पांडेय उपस्थित रहे। बैठक में विभाग संयोजक डॉ राजेंद्र प्रसाद यादव ने सामाजिक समरसता विषय पर सारगर्भित व्याख्यान दिया। सभी आयामों की टोली विस्तार पर विचार-विमर्श किया गया।

# गायत्री परिवार ने किया 1100 पौधों का वृक्षारोपण, विधायक ने सराहा अभियान



**नवभारत न्यूज**
**परासिया, 12 जुलाई, परासिया बाईपास स्थित हनुमान मंदिर के समीप गायत्री परिवार के तत्वावधान में 1100 पौधों का वृहद वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया।**

कार्यक्रम में क्षेत्रीय विधायक सोहन वाल्मीकि, जनपद उपाध्यक्ष जमील खान सहित गायत्री परिवार के बड़ी संख्या में सदस्य एवं पर्यावरण प्रेमी शामिल हुए। इस अवसर पर सभी अतिथियों एवं उपस्थित जनों ने पर्यावरण संरक्षण का संदेश देते हुए पौधरोपण किया तथा पौधों के संरक्षण का संकल्प लिया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक सोहन वाल्मीकि ने गायत्री परिवार द्वारा पर्यावरण संरक्षण के लिए किए जा रहे इस प्रेरणादायी अभियान की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे सामाजिक कार्य समाज को नई दिशा देने का काम करते हैं। उल्लेखनीय है कि वन विभाग द्वारा इस क्षेत्र को पर्यटन स्थल के रूप में विकसित किया जा रहा है। निर्माण कार्य पूर्ण होने के बाद यह स्थान क्षेत्रवासियों के लिए एक आकर्षक पर्यटन एवं प्राकृतिक स्थल के रूप में विकसित होगा, जिससे पर्यावरण संरक्षण के साथ-साथ स्थानीय लोगों को भी लाभ मिलेगा।

# परंपरागत बीज संरक्षण एवं आदान–प्रदान मेला आयोजित

## तामिया के ग्राम बीजाढाना में हुआ आयोजन, 150 प्रतिभागियों ने लिया हिस्सा



**नवभारत न्यूज**
**तामिया, 12 जुलाई, जिले के विकासखंड तामिया के ग्राम बीजाढाना में आज आदिवासी महिलाओं द्वारा परंपरागत बीज संरक्षण एवं आदान–प्रदान मेले का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य देशी एवं पारंपरिक बीजों के महत्व को समझाना तथा उनके संरक्षण के प्रति जागरूकता बढ़ाना था। आयोजन कृषि विज्ञान केंद्र तामिया के वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं प्रमुख डॉ. डी.सी. श्रीवास्तव के तकनीकी मार्गदर्शन में तथा परार्थ समिति छिंदवाड़ा द्वारा किया गया।**

कार्यक्रम में क्षेत्र के लगभग 20 गांवों की आदिवासी महिला कृषकों ने भाग लेकर परंपरागत बीजों के संरक्षण एवं आदान-प्रदान में सक्रिय सहभागिता की। इस दौरान डॉ. सुरेश कुमार अहिरवार, डॉ. सुंदरलाल अलावा एवं श्री राकेश कुमार मेश्राम ने किसानों को परंपरागत बीजों की उपयोगिता, संरक्षण की विधियां तथा कृषि जैव विविधता के महत्व की जानकारी दी। कार्यक्रम में परार्थ समिति से रामदास नागले एवं दारा सिंह तथा ग्राम की सरपंच महोदया सहित अनेक कृषक उपस्थित थे। इस अवसर पर किसानों ने अपने पास संरक्षित पुराने एवं देशी बीजों का एक-दूसरे के साथ आदान-प्रदान किया। मेले के दौरान आदिवासी जनजातीय लोकगीतों की प्रस्तुति ने सांस्कृतिक वातावरण को जीवंत बनाया। साथ ही किसानों एवं युवाओं को बीज बॉल निर्माण का प्रशिक्षण दिया गया तथा प्राकृतिक संसाधनों के संरक्षण में इसकी उपयोगिता से अवगत कराया गया। विशेषज्ञों ने किसानों को बीजों के सुरक्षित भंडारण, उनकी शुद्धता बनाए रखने तथा आने वाली पीढ़ियों के लिए परंपरागत बीजों के संरक्षण के प्रभावी तरीकों की जानकारी दी। कार्यक्रम में कुल 150 प्रतिभागियों ने भाग लिया। अंत में सभी किसानों ने परंपरागत बीजों के संरक्षण एवं संवर्धन के लिए सामूहिक रूप से कार्य करने का संकल्प लिया। आयोजन के समापन पर सभी प्रतिभागियों का आभार व्यक्त किया गया।

### अधिवक्ता नोटरी संघ की बैठक संपन्न

**छिंदवाड़ा।** रविवार को अधिवक्ता/नोटरी संघ के एम.पी. विश्वकर्मा के निवास स्थान संचार कालोनी, छिंदवाड़ा में जिला नोटरी संघ का गठन करने हेतु विचार विमर्श किया गया, जिसमें अधिवक्ता संघ छिंदवाड़ा के समस्त नोटरीगण द्वारा जिला नोटरी संघ का गठन किये जाने हेतु अपने-अपने विचार व्यक्त किए और आगामी कार्य योजना तय किया जाना सुनिचित किया गया । इस बैठक में सरोज कुमार तिवारी, एम.पी. विश्वकर्मा, नीलकंठ कुशवाह, अवधराज सिंह शक्रवार, अजय भांगे, नमन मेश्राम, संगीत वर्मा, दुर्गेश विश्वकर्मा आदि नोटरीगण उपस्थित थे ।

# सांसद कल 375 किमी की पदयात्रा पुरी कर मैहर में मां शारदा धाम में टेकेंगे माथा



**नवभारत न्यूज**
**छिंदवाड़ा, 12 जुलाई, सांसद बंटी विवेक साहू अपने दृढ़ संकल्प के साथ कल 14 दिन की 375 किमी की धार्मिक पदयात्रा पुरी करते मैहर में मां शारदा धाम में माथा टेककर मध्यप्रदेश सहित छिन्दवाड़ा एवं पांढुर्णा के जिलेवासियों के लिए सुखए समृद्धिए वैभव और खुशहाली की कामना के साथ अच्छी बारिश की प्रार्थना भी करेंगे।**

सांसद बंटी विवेक साहू पिछले 12 दिनों से छिन्दवाड़ा से मैहर तक लगातार धार्मिक पदयात्रा कर रहे है। इस दौरान उन्होंने रविवार 12 जुलाई तक छिन्दवाड़ा, सिवनी, जबलपुर और कटनी तक धार्मिक पदयात्रा पूरी करते हुए अब मैहर धाम की ओर अपने कदम बढ़ा दिए है। सांसद बंटी विवेक साहू और सैकड़ों पदयात्री धार्मिक पदयात्रा के अंतिम दिन 15 किमी की पदयात्रा करते हुए 13 जुलाई की देर शाम मैहर पहुचेंगे। वे 14 जुलाई की सुबह मैहर में मां शारदा धाम में माथा टेककर पुजा अर्चना करेंगे। रविवार को सतना के सांसद गणेश सिंह सहित अन्य जनप्रतिनिधियों ने मैहर जिले के ग्राम घुनवारा में पहुंचकर सांसद बंटी विवेक साहू का भव्य स्वागत और अभिनंदन किया । विदित हो कि धार्मिक यात्रा के दौरान जैसे.जैसे मैहर में स्थित मां शारदा धाम नजदीक आता जा रहा है वैसे.वैसे सांसद बंटी विवेक साहू सहित सैकड़ों पदयात्रियों के हौसले और भी बुलंद होते जा रहे है। पदयात्रा के दौरान सांसद बंटी विवेक साहू और पदयात्रियों का भव्य स्वागत और अभिनंदन करने के लिए छिंदवाड़ा व पांढुर्ना सहित अन्य स्थानों से पहुंच रहे हजारों लोगों के द्वारा भी सांसद बंटी विवेक साहू और पदयात्रियों का हौसला बढ़ाया जा रहा है। उल्लेखनीय है कि बारिश के मौसम में तमाम प्राकृतिक और शारीरिक कठिनाईयों के बीच भी सांसद बंटी विवेक साहू अपने सैकड़ों पदयात्रियों के साथ निरंतर पदयात्रा कर रहे है। इस दौरान छिन्दवाड़ा, सिवनी, जबलपुर एवं कटनी में सांसदों, विधायकों, महापौरों सहित भारतीय जनता पार्टी के तमाम वरिष्ठ पदाधिकारियों, समाजसेवियों और विभिन्न सामाजिक संगठनों ने सांसद बंटी विवेक साहू का भव्य स्वागत व अभिनंदन किया।

### आज मैहर पहुंचेगी सांसद की धार्मिक पदयात्रा

विदित हो कि सांसद बंटी विवेक साहू की 14 दिवसीय धार्मिक पदयात्रा छिंदवाड़ा, सिवनी, जबलपुर और कटनी के बाद अब मैहर पहुंचेगी। इस दौरान सांसद अपने सैकड़ों पदयात्रियों के साथ में आज अंतिम दिन में 15 किमी की धार्मिक पदयात्रा करेंगे। सांसद बंटी विवेक साहू 14 जुलाई को मैहर पहुंचकर मां शारदा के मंदिर में विशेष पूजा अर्चना करते हुए प्रदेश सहित छिंदवाड़ा और पांढुर्णा के आमजनों की सुख, समृद्धि, वैभव और खुशहाली की कामना के साथ अच्छी बारिश की प्रार्थना भी करेंगे। 14 दिवसीय धार्मिक पदयात्रा के दौरान सांसद बंटी विवेक साहू प्रतिदिन सुबह और देर शाम को पदयात्रा की सफलता की कामना के साथ में मां शारदा की पूजा अर्चना व आरती के साथ धार्मिक पदयात्रा की शुरूआत और संपन्न करते है।

## सांसद ने 80 करोड़ की लागत से बनने वाले जनजातीय विभाग के 21 स्कूलों की दिलाई सौगात

**नवभारत न्यूज**
**छिंदवाड़ा, 12 जुलाई, छिंदवाड़ा एवं पांढुर्णा जिले के जनजातीय क्षेत्रों के विद्यार्थियों को बेहतर से बेहतर शिक्षा सुविधाएं प्रदान की जाने के लिए लगातार प्रयासरत सांसद बंटी विवेक साहू के प्रयासों से जिले में 80 करोड़ की लागत के 21 शासकीय उच्चतर माध्यमिक एवं शासकीय हाईस्कूल भवनों के निर्माण की प्रशासकीय स्वीकृति मिल गई है।**

सांसद श्री साहू के प्रयासों से अब जनजातीय कार्य विभाग द्वारा चिन्हित किए गए स्थानों में शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय एवं शासकीय हाई स्कूलों के भवनों का निर्माण जल्द ही हो सकेगा। उल्लेखनीय है कि छिंदवाड़ा एवं पांढुर्णा जिले के प्रवास के दौरान क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों और क्षेत्रवासी द्वारा सांसद बंटी विवेक साहू के समक्ष उनके क्षेत्रों में जनजातीय विभाग के अंतर्गत संचालित शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय एवं शासकीय स्कूल भवनों के निर्माण की मांग की गई थी। जिसे गंभीरता से लेते हुए सांसद श्री साहू ने स्कूल भवनों के निर्माण के लिए मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव एवं जनजातीय विभाग के मंत्री कुंवर विजय शाह को पत्र लिखते हुए राशि स्वीकृत करने का निवेदन किया था। जिसके आधार पर जनजातीय कार्य विभाग मध्यप्रदेश ने 80 करोड़ की राशि स्वीकृत कर दी है।

### सफाई अपनाओं–बीमारी भगाओ अभियान

**छिंदवाड़ा।** नगर पालिक निगम छिंदवाड़ा महापौर विक्रम अहाके एवं आयुक्त सीपी राय के मार्ग दर्शन में सफाई अपनाओं - बीमारी भगाओ अभियान के लिए विविध शैक्षणिक संस्थाओं में जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। जिसका समर्थन करते हुए अभियान के तीसरे दिवस अरिहंत इंटरनेशनल एकेडमी में स्वच्छता महोत्सव मनाया गया। जिसमें एआईए के चेयरमैन संजीव जैन, डायरेक्टर एवं नगर निगम स्वच्छता ब्रांड एंबेसडर दीपक राज जैन, शाला प्राचार्य रवि शंकर माथुर के साथ बड़ी संख्या में गुरुजनों सहित विद्यार्थियों ने हिस्सा लिया। सभी को स्वच्छता ब्रांड एंबेसडर दीपक राज जैन ने पर्यावरण संरक्षण, एक पौधा मां के नाम लगाने, प्लास्टिक की जगह कपड़े की थैली का प्रयोग करने, भोजन पूर्व हाथों की सफाई सहित स्वच्छता का महत्व बताकर शपथ दिलाई।

# ओबीसी महासभा की बैठक संपन्न

## 20 जुलाई को विधानसभा का करेगी घेराव



**नवभारत न्यूज**
**छिंदवाड़ा, 12 जुलाई, ओबीसी महासभा के जिलाध्यक्ष लोधी विपिन वर्मा ने बताया कि महासभा द्वारा आज 12 जुलाई दिन रविवार को स्थानीय काफी हाउस छिंदवाड़ा में पदाधिकारियों की बैठक संपन्न हुई ।**

जिसमें आगामी 20 जुलाई को मध्य प्रदेश में ओबीसी आरक्षण को 27 प्रतिशत करने और 13 प्रतिशत होल्ड पदों को तत्काल बहाल करने (अनहोल्ड) की मांग को लेकर ओबीसी महासभा और विभिन्न संगठनों द्वारा 20 जुलाई को भोपाल में विधानसभा घेराव का ऐलान किया गया है। इस आंदोलन में हजारों की संख्या में चयनित अभ्यर्थी और बेरोजगार युवा शामिल होंगे । आज संपन्न हुई बैठक में आगामी विधानसभा घेराव की तैयारी को लेकर के विचार विमर्श किया साथ ओबीसी समाज एवं संगठन के लोगों से अपील की गई कि अधिक से अधिक जनसंख्या में उपस्थित होकर अपने हर अधिकार की आवाज को बुलंद करें । इस अवसर पर ओबीसी महासभा के जिला अध्यक्ष लोधी विपिन वर्मा जिला संगठन प्रमुख अरविंद यादव, बलवान सिंह वंदेवार, रंजीत रविकर रविंद्र यादव ,अनुज वानखेडे नंदू यदुवंशी कुंज बिहारी पाटसकर, मनोज चोरे, अल्केश अलोन कर, बेबी चंद विश्वकर्मा सही 13 प्रतिशत होल अभ्यर्थी एवं संगठन के पदाधिकारी उपस्थित रहे ।

# वरिष्ठ नागरिक पेंशनर्स एसोसिएशन की बैठक सम्पन्न

**नवभारत न्यूज**
**छिंदवाड़ा, 12 जुलाई, वरिष्ठ नागरिक पेंशनर्स एसोसिएशन म.प्र.जिला शाखा छिन्दवाड़ा के अध्यक्ष मीर जाहिद अली ने बताया कि रविवार को जनसेवा केन्द्र शिव नगर कॉलोनी छिन्दवाड़ा में एसोसिएशन के संरक्षक पं.राम शर्मा की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई।**

बैंठक में 32 माह एवं 27 माह के लंबित मंहगाई राहत का भुगतान करने हेतु छत्तीसगढ़ सरकार को छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट के निर्णय के संबंध में चर्चा कर प्रांतीय अध्यक्ष राजकुमार दुबे से बात कर जबलपुर हाईकोर्ट में 27 माह एवं धारा 49 समाप्त करने की याचिकाओं पर शीघ्र निर्णय करवाकर पेंशनरों को लाभ दिलाने का अनुरोध किया गया ,साथ ही जबलपुर हाईकोर्ट के पूर्व के आदेश में 32 माह का मंहगाई राहत 6 प्रतिशत ब्याज सहित देने के आदेश के बाद भी सरकार ने इस पर ध्यान नहीं दिया है अतः शीघ्र न्यायालय की अवमानना की याचिका लगाने का अनुरोध किया जाने का निर्णय लिया गया है इसी प्रकार 30 जून एवं 31 दिसम्बर को सेवानिवृत्त पेंशनरों को एक काल्पनिक वेतनवृद्धि का लाभ ना दिये जाने संबंध में ,35 वर्ष की सेवा पूर्ण करने वाले पेंशनरों को चतुर्थ वेतनमान का लाभ दिये जाने की प्रक्रिया को सुगम एवं सरल बनाने ,कर्मचारी एवं पेंशनरों को स्वास्थ बीमा की प्रीमियम राशि एक समान करने का शासन से उक्त मांगों का ध्यानाकर्षण कराने हेतु शीघ्र ज्ञापन देकर जिस विभाग एवं अधिकारियों द्वारा फाइलें रोककर रखी गयी है उनके विरूद्ध अनुशासनात्मक कार्यवाही करने का निवेदन किया जाने का निर्णय लिया गया। बैठक के अंत में सेवानिवृत्त रेंजर ऑफिसर सिद्धिकी एवं संगठन के जिला उपाध्यक्ष सेवानिवृत्त रेंजर ऑफिसर फागलाल नागलकर के सुपुत्र मुकेश नागलकर का अचानक असमय निधन होने पर शोक व्याप्त कर दो मिनिट का मौन रखकर श्रद्धांजलि दी गयी ।

**अनदेखी** जिम्मेदारों की अनदेखी से हादसे की आशंका, ग्रामीणों ने तत्काल बंद कराने की उठाई मांग

# टेमनीखुर्द में सड़क किनारे खुले वाल चेंबर बने जानलेवा खतरा



**नवभारत न्यूज**
**मोहखेड़, 12 जुलाई, बारिश के मौसम में जहां सड़कों पर आवागमन पहले ही मुश्किल हो जाता है, वहीं टेमनीखुर्द गांव में सड़क किनारे खुले पड़े वाल चेंबर अब ग्रामीणों और राहगीरों के लिए खतरे का कारण बन गए हैं। जिम्मेदार विभाग की उदासीनता के चलते लंबे समय से खुले पड़े चेंबर किसी बड़े हादसे को आमंत्रण दे रहे हैं।**

गांव के मुख्य मार्ग के किनारे स्थित खुले वाल चेंबर सुरक्षा व्यवस्था की पोल खोल रहे हैं। यहां से रोजाना बड़ी संख्या में ग्रामीण, स्कूली बच्चे और वाहन चालक गुजरते हैं। चेंबर खुले होने से विशेषकर रात के समय दुर्घटना की आशंका बनी रहती है। बारिश के कारण चेंबर में पानी भर जाने से इसकी गहराई का अंदाजा लगाना भी मुश्किल हो गया है।

### कभी भी हो सकता है बड़ा हादसा

ग्रामीणों का कहना है कि कई बार संबंधित विभाग को समस्या से अवगत कराया गया, लेकिन अभी तक कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया। यदि समय रहते खुले चेंबरों को बंद नहीं किया गया तो किसी भी दिन बड़ी दुर्घटना हो सकती है।

### बच्चों और दोपहिया वाहन चालकों पर खतरा

सड़क किनारे खुले चेंबर छोटे बच्चों और दोपहिया वाहन चालकों के लिए सबसे अधिक जोखिम भरे हैं। थोड़ी सी असावधानी से वाहन चालक संतुलन खो सकते हैं और गंभीर हादसा हो सकता है।

### ग्रामीणों ने की तत्काल कार्रवाई की मांग

ग्रामीणों ने प्रशासन एवं संबंधित विभाग से मांग की है कि खुले वाल चेंबरों को तत्काल ढकवाकर सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित की जाए, ताकि किसी अप्रिय घटना को रोका जा सके। ग्रामीणों ने कहा कि हादसा होने के बाद कार्रवाई करने से बेहतर है कि समय रहते समस्या का समाधान किया जाए।